SHRI M.V. MYSURA REDDY: The mala fide intention of the Government of Karnataka is to store more than 100 TMC of water in the above barrages and use the same for irrigation. The surprising thing is that it has commenced construction – some part of the work is already over-without giving information even to the Tribunal. The illogical argument of Karnataka is that it is constructing road bridges. But it is not road bridges. Sir, They have fixed gates and want to utilise 100 TMC of water. This would create problems for Andhra Pradesh. Andhra Pradesh is a lower riparian State and the State's interests need to be protected. I would request the Government of India to immediately direct the Government of Karnataka to desist from such illegal and unauthorised construction and do justice to the State of Andhra Pradesh.

SHRI PENUMALLI MADHU (Andhra Pradesh): Sir, I associate myself with what the hon. Member has said.

SHRI SAYED AZEEZ PASHA (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with what the hon. Member has mentioned.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Special Mentions will be taken up immediately after 6 o'clock. Now, Shri Tarini Kanta Roy. Your Party is left with only fifteen minutes. Still, two speakers are there. You may, please, conclude now.

———————

## THE BUDGET (RAILWAYS) 2009-10

SHRI TARINI KANTA ROY (West Bengal): Sir, I was speaking yesterday about vacancies in Railways. The Railways have about 1,50,000 vacancies. At the same time, about 1,20,000 posts have been abolished by the Railways. I was asking the hon. Minister whether she was ready to fill up the vacancies immediately and, at the same time, restore the abolished posts. I was asking her about this when I was speaking here yesterday on the Railway Budget.

Sir, I would like to say that in her Budget Speech there was not a single word about wages and social security of lakhs of contract workers working in the Railways. I would also say that the Budget Speech was silent about the condition of millions of hawkers, vendors and commissioned vendors, who are actually earning their daily bread working with the Railways. Sir, I was very happy because the Railway Minister expressed her desire to give '*izzat*' to the poor people. I welcome it. At the same time, I would request her to issue licenses to millions of hawkers, vendors and commissioned vendors at a subsidized rate, say, Rs. 25 per month. This would help them and would also restrict the entry of unlicensed and unauthorised hawkers and vendors in the Railways. Sir, like in previous years, this Budget also starts with a declaration about introduction of new trains, non-stop trains, extension of trains, increase in the frequency of trains, and so on. While I welcome these proposals, I would like to know whether our railway tracks are adequate to run all these trains and whether the renovation, restoration and rebuilding that our old bridges require has been done. Sir. this needs lot of money. I am afraid, that the Railway's operating ratio has gone up to the dangerous level of 92.5 per cent in the current Budget from 75.9 per cent, in actual, in 2007-08.

Sir, availability of funds is the main criteria to undertake new projects and new schemes. The hon. Minister has shown her reliance on PPP for development of 50 world-class stations, new freight and coach terminals, logistic parks, special purpose rolling stocks, perishable cargo centres and so on. In the prevailing conditions of economic recession world over, hardly any private investments are forthcoming. The hon. Minister herself has admitted in her Budget Speech that out of Rs.3,400 crores earmarked in the Annual Plan of 2009-10, for resource mobilisation through PPP, Rs.3,300 crore would just not materialise.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude; otherwise, your party's other Member will not get time.

SHRI TARINI KANTA ROY: Yes, Sir. I am concluding. Now, I am coming to my own area which comes under the N.F. Railway. *...(Interruptions)...* Sir, in my area, *i.e.,* in the N.F. Railway, this year, the hon. Minister has sanctioned Rs.109 crores for a new railway project, namely, Moinaguri-Jogighopa railway project. Sir, I would like to say here that this project needs Rs. 1,480 crores, but till date, including this Rs.109 crores, Rs.414 crores have been allocated for this project. This project is scheduled to be completed by 2012. *...(Interruptions)...* Yes, only three years are left. But, my question is, when only 30 per cent money has been allocated till date, how will this project be completed in the next three years? At the same time, Sir, I would like to mention here that gauge conversion work and other works are neglected in this area. The gauge conversion work on Lamding-Badarpur and Silchar-Tripura lines remains hanging. I request that this should be given priority. At the same time, I would like to mention here that there is no Budget provision for the new railway line from Agartala to Sabroom. I want to know from the hon. Minister as to what the Railways are going to do for this new railway line from Agartala to Sabroom. Sir, for my area, I demanded, several times, for a daily train from New Coochbehar to Sealdah. The Uttarbanga Express now runs thrice a week. I request that this should run daily. I have also demanded several times for a double line from New Jalpaiguri to New Alipurduar, which is the main line. If this is not done early, not only the people of this area but also the people of the whole North-Eastern region will suffer. Sir, I hope that the hon. Minister will pay proper attention to all these projects in the North-eastern area which comes under the N.F, Railway. With these words, Sir, I conclude.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Virendra Bhatia. Your party has 19 minutes, and there are three speakers from your party.

SHRI VIRENDRA BHATIA (Uttar Pradesh): Sir, there are 20 minutes for my party.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, 19 minutes are left.

SHRI VIRENDRA BHATIA: Sir, I would try to give chance to other Members. I will be brief.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I would like to inform the House that the Members should stick to the timings. We have to conclude the debate tomorrow. Still, there are 40 hon. Members who have to participate in this debate, and the time is limited. Please adhere to the time allotted to your party.

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : उपसभापति महोदय, आपके आदेशानुसार मैं संक्षिप्त होने की कोशिश करूंगा। हमारे पूर्ववर्ती साथियों ने बहुत सी बातें कह दी हैं। मैं रेलवे बजट का पृष्ठ संख्या-तीन देख रहा था। इसमें तस्तर "दस" में पांच बातें कही गयीं – "रेल मंत्री के रूप में अभी कुछ दिन पहले अपना कार्यभार संभालने के बाद मुझे समग्र यात्री सुविधाओं के बारे में बिगड़ती हुई स्थिति के संबंध में लगातार शिकायतों का सामना करना पड़ा है। इसलिए इन क्षेत्रों में दृष्टिगोचर सुधार करना मेरी प्राथमिकता होगी : यात्री सुविधाएं, साफ-सफाई, रेलवे खानपान की गुणवत्ता, संरक्षा एवं सुरक्षा और समय-पालन।" महोदय, मैं लगातार चौथे वर्ष रेलवे बजट पर बोल रहा हूं। इसके पहले भी मैंने पूर्ववर्ती रेलवे मंत्रियों के भाषणों का अध्ययन किया है। मुझे ऐसा कोई भी रेल मंत्री नहीं मिला, जिसने अपने भाषण में इसके बारे में तसकिरा न किया हो। सवाल भाषण में कहने का नहीं है, सवाल उस योजना का है जो इन दिक्कतों को, कठिनाइयों को दूर करने के लिए बनायी जाएगी। इस पूरे बजट भाषण में मुझे कहीं यह नहीं मिला कि उसका रास्ता क्या है, कौन सी योजना है, जिसके द्वारा इन कठिनाइयों का सामना किया जाएगा, इन कठिनाइयों को समाप्त करने की कोशिश की जाएगी और यात्रा सुविधाएं बढ़ायी जाएंगी। मैं रेल मंत्री से जानना चाहूंगा कि केवल कह देने से अगर समस्याओं का निदान हुआ होता तो बहुत सी समस्याओं का निदान बहुत वर्ष पहले हो गया होता। पिछले दस वर्ष से यही मांग उठ रही है। दस वर्ष से हर व्यक्ति यह कह रहा है कि समय से गाड़ियां चलायी जानी चाहिए। प्रश्न यह है कि क्यों नहीं चलायी जातीं? उसमें जो बाधा है, उसको दूर क्यों नहीं किया जाता? लोगों को चार-चार घंटे, पांच-पांच घंटे प्लेटफार्म पर इंतज़ार करना पड़ता है, उसके लिए क्या कोई व्यवस्था की जा रही है कि जो लोग इस प्रकार से चार घंटे आकर प्लेटफॉर्म पर बैठते हैं, उनको किसी प्रकार के मुआवजे की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर रेलवे पर मुआवजे का भार पड़ेगा तभी उसमें कुछ सुधार आ सकता है और जो अफसर इसके लिए उत्तरदायी हैं, जो कर्मचारी इसके लिए responsible हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की योजना बनायी जानी चाहिए। नहीं तो आप हर वर्ष संकल्प लेते रहेंगे और होगा कुछ नहीं। हम जहां हैं, वहीं पर फिर पहुंच जाएंगे। महोदय, यात्री सुविधाओं के बारे में कहा गया। पिछले वर्ष भी मैंने प्रश्न उठाया था। बहुत सी ट्रेनों में बिस्तर की हालत यह है कि अगर आप वहां जाकर बिस्तर लेंगे तो पाएंगे बिस्तर से दुर्गंध आती है। कम्बल लेने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे कोई दुर्गंध फैल गयी हो। उससे बीमारी होने का डर रहता है, बीमारियां हो जाती हैं। इसके अलावा, पिछली बार भी मैंने कहा था कि रेलवे में काकरोच पाए जा रहे हैं और खटमल और मच्छर जैसी सुविधाएं एसी-फर्स्ट क्लास और एसी-सेकंड क्लास में दी जा रही हैं। इन सबको दूर करने का आप क्या प्रयास करेंगे, इस बात का उल्लेख बजट में नहीं है। साफ-सफाई का मैंने पहले ही बता दिया। महोदय, "रेलवे खानपान की गुणवत्ता" के संबंध में पिछली बार भी मैंने एक निवेदन किया था कि जो पांच सौ किलोमीटर से लम्बी दूरी की गाड़ियां हैं, उन सब ट्रेनों में catering की व्यवस्था होनी चाहिए। बहुत सी गाड़ियां आजमगढ़ से चलती हैं जिनमें खानपान की कोई सुविधा नहीं होती। लम्बी दूरी की ट्रेनें हैं लेकिन उनमें चाय मिलने की भी दिक्कत महसूस होती है। इसलिए हर एक ट्रेन, जो पांच सौ किलोमीटर से लम्बी दूरी तय करती है और जिनमें stoppage लम्बे हैं, उसमें एक pantry car होनी चाहिए। महोदय, मैं लखनऊ शताब्दी में आता था। जैसे कल हमारे नेता प्रो. राम गोपाल यादव ने कहा कि खाने की quantity और quality, दोनों गिरा दी गयी हैं। आखिर पिछले दो-तीन वर्ष में ऐसा क्यों हुआ, इसको देखकर इस पर सख्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है। महोदय, "संरक्षण और सुरक्षा" सबसे important पहलू

है, प्रमुख पहलू है। हमने देखा कि जितने accidents पिछले तीन वर्ष में हुए, उतने शायद उसके पहले के दस वर्ष में नहीं हुए। महोदय, एक व्यक्ति की जान की बड़ी कीमत होती है। एक व्यक्ति की मृत्यु होने से एक परिवार में और उस पूरे इलाके में शोक का वातावरण फैल जाता है। रेल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो, जो आदमी रेल से दूसरी जगह जाने के लिए सफर कर रहा है, वह अपने गंतव्य स्टेशन पर न पहुंचकर कहीं और पहुंच जाये, यह अच्छी बात नहीं है। यह एक अच्छी बात नहीं है। आज वे दिन तो गए जब हम अपेक्षा करें कि रेल मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की तरह यह भी इस्तीफा दे देंगे। लेकिन आए दिन शायद ही हफ्ते में कोई एक दिन बीतता हो जिस दिन यह न होता हो कि रेल में कोई दुर्घटना हुई, कोई जख्मी हुआ, किसी की मृत्यु हो गई या कोई गाड़ी पटरी से उतर गई, इन घटनाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसका निदान रेल मंत्री जी को करना है। दूसरी बात, ममता जी ने बहुत अच्छी बात की है महिलाओं के लिए विशेष गाड़ी की व्यवस्था की। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं। लेकिन यह गाड़ी की व्यवस्था कुछ ही महानगरों में रह जाए, यह अच्छी बात नहीं है। इसलिए महिलाओं के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। महिलाओं के बारे में हर रोज समाचार पत्रों में आता है कि रेल में महिलाओं से छेड़खानी हुई। मेरा एक सुझाव है कि रेल में हर जगह हर रेल में महिलाओं के लिए आरक्षित जगह होनी चाहिए। वैसे कुछ आरक्षित जगह भी हैं, लेकिन उस आरक्षित जगह पर कुछ कर्मचारी बैठते हैं, पुलिस वाले बैठते हैं और लोग पैसा देकर कब्जा कर लेते हैं। इसमें मेरा एक सुझाव है कि महिलाओं के लिए अगर विशेष किस्म के डिब्बे बनाए जाएं जिसमें आधे ए.सी. थर्ड क्लास, आधे सेकंड क्लास और उसमें केवल महिलाओं के लिए आरक्षण दिया जाए, तो शायद इस सुविधा का लाभ महिलाएं उठा सकती हैं और यात्रा में महिलाएं अपने आपको ज्यादा सुरक्षित महसूस कर सकती हैं।

**श्री उपसभाति** : थैंक्यू।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : सर, अभी मेरा समय है, मैं देख रहा हूं।

**श्री उपसभाति** : अब आपका समय नहीं है।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : मैं घड़ी स्वयं देख रहा हूं, अभी तो मेरे 8 मिनट भी नहीं हुए हैं।

**श्री उपसभाति** : मुझे कोई आपत्ति नहीं है, आप पूरे 19 मिनट ले लीजिए।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : मुझे मालूम है कि मुझे अपने साथियों के लिए समय छोड़ना है। मैं अपना उत्तरदायित्व जानता हूं, आप मुझे बीच में डिस्टर्ब करेंगे तो फिर मैं और बोलने लग जाऊंगा।

**श्री उपसभाति** : मुझे यह करना ही पड़ता है।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : मुझे समय का ध्यान है।

**श्री उपसभाति** : ठीक है, आप पूरे 19 मिनट ले लीजिए।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : मैं 19 मिनट लूं या न लूं, यह तो मेरा काम है। आप मुझे बार-बार रोकते हैं तो मुझे अच्छा नहीं लगता, मुझे अपनी बात कहने दें।

**श्री उपसभाति** : यह आप क्या कर रहे हैं?

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : जब 19 मिनट हो जाएं तब उसके बाद आप मुझे रोकिएगा। उससे पहले मुझे मालूम है कि मुझे क्या करना है।

**श्री उपसभाति** : ठीक है।

**श्री वीरेन्द्र भाटिया** : मैं आपसे यह कह रहा था कि जहां तक महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सवाल है कि जहां डेली पैसेंजर्स चलते हैं, आप देखेंगे कि दिल्ली से गाजियाबाद के बीच काफी महिलाएं डेली पैसेंजर्स बनकर चलती हैं दिल्ली से मेरठ के बीच में चलती हैं, लखनऊ से कानपुर के बीच में चलती हैं, उन महिलाओं के लिए भी बोगी सुरक्षित होनी चाहिए, क्योंकि महिलाओं की असुरक्षा की बात लगातार हम लोग समाचार पत्रों में पढ़ते हैं। इसलिए मेरा यह निवेदन है कि इस ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावा एक बात को मैं हमेशा तीन वर्ष से उठा रहा हूं कि कुछ लोग अपंग हैं, कुछ बूढ़े हैं, कुछ बुजुर्ग जो चल नहीं पाते, आप अगर दिल्ली स्टेशन पर चले जाइए तो प्लेट फार्म पर चढ़ने और उतरने के लिए इतनी लम्बी सीढ़ियां हैं। मैंने बुजुर्ग पुरुषों को देखा है कि किस प्रकार से उनको तकलीफ होती है। इसलिए इसकी व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। मैंने पहले भी मांग की थी कि इसके लिए स्वचालित बिजली की सीढ़ियां बनाई जाएं, कम से कम प्रमुख स्टेशनों पर अवश्य बनाई जाएं, जिससे उनको सुविधा मिल सके।

मैं अब अपने प्रदेश की ओर आता हूं, उत्तर प्रदेश का वासी हूं और उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा प्रदेश है। एक बटे छः आबादी का प्रदेश है। ममता जी ने बहुत ममता दी, पश्चिम बंगाल को दी, मैं समझ सकता हूं कि इनको वहां चुनाव लड़ना है डेढ़-दो वर्ष के बाद, मुकाबला करना है सी.पी.आई से सी.पी.एम. से, इसलिए सारी ममता उन्होंने बंगाल की तरफ ही दे दी। लेकिन कुछ ममता का प्रदर्शन दूसरे प्रदेशों में भी हो जाए, तो अच्छा है। खास कर ममता जी को यह ध्यान रखना चाहिए कि वे केवल बंगाल की नहीं, पूरे राष्ट्र की रेल मंत्री हैं और हमारा प्रदेश तो एक बटे छः पॉपुलेशन का प्रदेश है। आपने काफी घोषणाएं कीं, कुछ घोषणाएं उत्तर प्रदेश के बारे में की गईं और जो पहले ही की गईं थीं, अब यहां उनकी पुनरावृत्ति कर दी गई। आपने हमको जितनी गाड़ियां दीं उसमें केवल चार नई ट्रेन दीं। इससे पहले पूर्व रेल मंत्री श्री लालू यादव जी घोषणा कर चुके थे, जिनको इन्होंने अपनी घोषणाओं में भी सम्मिलित कर दिया। उन्हीं घोषणाओं को उन्होंने अपनी घोषणाओं में सम्मिलित कर दिया। उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा प्रदेश है, तमाम देशों से बड़ा प्रदेश है और उत्तर प्रदेश से कुछ तो सीखना चाहिए क्योंकि उत्तर प्रदेश का दिल बहुत बड़ा है। हमारे प्रदेश ने देश को कई प्रधान मंत्री दिए, श्री जवाहर लाल नेहरू जी दिए, श्री लाल बहादुर शास्त्री दिए, हमारे प्रदेश ने श्रीमती इंदिरा गांधी जी को प्रधान मंत्री बनाया, हमारे प्रदेश ने श्री राजीव गांधी जी को प्रधान मंत्री बनाया, हमारे प्रदेश ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को प्रधान मंत्री बनाया, लेकिन किसी ने उन पर यह आरोप नहीं लगाया कि वह देश के प्रधान मंत्री नहीं थे, वह केवल एक प्रदेश के प्रधान मंत्री थे। हम ममता जी से भी अपेक्षा करते हैं कि कुछ उत्तर प्रदेश के विशाल ह्रदय और उसकी ममता से कुछ सीखें और कुछ उत्तर प्रदेश की तरफ भी ध्यान दें। हमें एतराज़ नहीं है कि वह अपने घर में रोशनी करें। मैं तो हमेशा कहता हूं कि मुझे एतराज़ नहीं कि उनके घर में उजाला हो, मगर दो दिए हमारे घर में भी जलने चाहिए। हमें भी कुछ मिलना चाहिए।

मैं आज लखनऊ की समस्या के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। मैंने पिछली बार मांग की थी और यहां पर पूर्ववर्ती रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी ने घोषणा की थी कि एक गाड़ी लखनऊ से जम्मू तवी के लिए चलाई जाएगी। वैष्णों देवी एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। मैं वर्तमान घोषणाओं में देख रहा हूं कि वह घोषणा नदारद है। मैं तो समझता हूं कि पूर्ववर्ती रेल मंत्री ने यदि कोई घोषणा की है, तो उस पर अमल होना चाहिए क्योंकि मंत्री बदल सकते हैं, लेकिन

सरकारें नहीं बदलतीं। इसके अतिरिक्त मेरी मांग है कि लखनऊ से अजमेर-जयपुर जाने के लिए एक गाड़ी हमें सीधे दी जाए। हमारी मांग है कि लखनऊ से देहरादून के लिए भी एक गाड़ी दी जाए। उत्तर प्रदेश की राजधानी से उत्तरांचल की राजधानी को भी ट्रेन के माध्यम से सीधे जोड़ा जाए। आज मेरे पास जो चार्ट है, उसके हिसाब से मैं आपको बता सकता हूं कि हमें अगर लखनऊ से देहरादून जाना हो, तो सेकेंड ए.सी. में 15 सीटों का और थर्ड ए.सी. में केवल 16 सीटों का कोटा हमारे पास है, जबकि लखनऊ 30-35 लाख की आबादी का शहर है। लखनऊ से अमृतसर सीधे जाने के लिए भी कोई गाड़ी नहीं है। मेरी यह भी मांग है कि लखनऊ से अमृतसर-लुधियाना-जालंधर, पंजाब की ओर जाने के लिए भी एक सीधी गाड़ी चलाई जाए। हमारे राज्य के पूर्वी जिलों की उपेक्षा हुई है। आपने आदर्श स्टेशन बनाने की बात कही है। पूर्वी जिलों में भी बलिया एक बड़ा क्रांतिकारी स्थान रहा है। आजमगढ़ बड़ा प्रसिद्ध स्थान रहा है। रेल बजट में बलिया, आजमगढ़ और देवरिया को इग्नोर किया गया है। मेरी यह भी मांग है कि जब आपने आदर्श स्टेशन बनाने की बात कही है, तो उसमें आजमगढ़, बलिया और देवरिया को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। आजमगढ़ से कोई भी गाड़ी कोलकाता के लिए नहीं है। आजमगढ़ से कोई भी गाड़ी वैष्णों देवी के लिए नहीं है। आजमगढ़ से अजमेर के लिए गाड़ी है, लेकिन वह पूरी तरह से वहां के लोगों को सर्विस नहीं दे पा रही है। वहां के लिए गाड़ी की व्यवस्था आजमगढ़-बलिया से की जानी चाहिए क्योंकि आजमगढ़ और बलिया दो स्थान ऐसे हैं, जहां से पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग ट्रेवल कर सकते हैं। इसलिए इनको भी आदर्श स्टेशन बनाने की कोशिश की जानी चाहिए और यहां से गाड़ियों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

मैं अंत में एक बात और लखनऊ के बारे में कहना चाहूंगा। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी जब सांसद थे, तब लखनऊ में रेलवे क्रासिंग पर दो पुल बनाने की घोषणा हुई थी। डालीगंज निराला नगर में एक ऐसी रेलवे क्रासिंग है जहां पर कम से कम आधा-आधा घंटे का जाम लगा रहता है। उस पर योजना शुरु हो गई थी और योजना शुरू होने के बाद विगत तीन वर्ष से उस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इससे लोगों में बहुत रोष है। रोज वहां पर प्रदर्शन हो रहे हैं, रोज वहां पर ट्रेनों रोकी जा रही हैं। मैं समझता हूं कि अगर पूर्व प्रधान मंत्री जी ने कोई बात कही थी, कोई घोषणा की थी तथा उसके लिए योजना तैयार हो चुकी थी, तो उस योजना का क्रियान्वयन होना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक मल्लौर रेलवे क्रासिंग रेलवे स्टेशन है। आपने कभी नहीं सुना होगा कि जो क्रासिंग शाम को पांच बजे बंद हो जाती है, वह सुबह पांच बजे ही खुलती है। वहां पर लोगों का आवागमन होता है। वहां पर एक इंजीनियरिंग कालेज है, वहां पर बच्चों को बहुत तकलीफ होती है। वहां पर रेलवे क्रासिंग पर एक छोटे से पुल की आवश्यकता है। महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि उस रेलवे क्रासिंग पर भी पुल बनाने की योजना पर विचार करें। इसके अलावा आलम नगर में भी एक नया ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है। वहां पर लोगों को आधा-आधा घंटा खड़े रहना पड़ता है। वहां पर लोगों के समय का काफी नुकसान होता है और पेट्रोल की बर्बादी भी होती है। मैं समझ रहा हूं कि मैंने बहुत समय ले लिया है, लेकिन मैं अंत में आपको धन्यवाद देते हुए ममता जी से एक बात जरूर कहूंगा, जैसा कि उन्होंने कहा है कि हम इस ओर प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने यह जरूर कहा है –

"भंवर से लड़ो,

तुम लहरों से उलझो,

कहां तक चलोगे,

किनारे-किनारे"

हमें इसमें कोई एतराज़ नहीं है, लेकिन यह भी तो बता दें, 'किनारे' आने का तरीका क्या है? हमें यह भी तो मालूम होना चाहिए। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यह जरूर कहूंगा कि वे अपने प्रयास में सफल

हों, लेकिन बजट में उत्तर प्रदेश के लोगों को उनसे जो अपेक्षाएं थीं, वे अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं। मुझे विश्वास है कि जो मैंने मांग की है, उस पर विचार करेंगी। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Samajwadi Party has left with only 2 minutes. Now, Dr. Malaisamy. You have got 12 minutes.

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu): Sir, our party has got 12 minutes. Now, it is nearly 1o' clock. Either you allow Mr. Malaisamy to complete his speech. Or, I request you to adjourn the House for lunch. He will start his speech after lunch.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

The House is adjourned for lunch till 2 o' clock.

-----

The House then adjourned for lunch at fifty-six minutes past twelve of the clock.

The House re-assembled after lunch at two of the clock.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) in the Chair

## THE BUDGET (JHARKHAND), 2009-10

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI NAMO NARAIN MEENA): Sir, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the State of Jharkhand for the year 2009-10.

-----

## THE BUDGET (RAILWAYS) 2009-10 -- *Contd.*

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Sir, at the outset, I feel at home, as if I have done my job on seeing the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN); Okay, then, you give the chance to the next speaker.

DR. K. MALAISAMY: Sir, let me start with a word of thanks in abundance to the Chair for having called me as a second speaker on behalf of the AIADMK to speak on the Railway Budget.

Fully conscious of the time given and task ahead of the House, I would try to be as brief as possible. My task seems to be fairly easy, particularly when many of the points, which I conceive, have been well-delivered by both the sides. So, my task has become quite easy. I would like to divulge and dilate on some thrust areas and omitted areas. My total observation will be divided into four parts, namely, the hits and the highlights on the one side. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) : Within the time allotted to your party.

DR. K. MALAISAMY: The pits and depressions on the other side. One has been hailed by the Treasury Benches and wailed by the other side. I would like to be in between.